कार्यालय–जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया।

विज्ञप्ति

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक सं0 956/एसएलएसए/37ए–2010, दिनांक अप्रैल-19.2018 के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण (चपरासी 02 पद, चौकीदार 01 पद व सफाईकर्मी 01 पद) कुल 04 पदों पर नियत मासिक मानदेय क्रमशः 7000/–, 5000/–,व 2000/– रूपये पर अस्थाई रूप से दिनांक 28.02.2019 तक के लिये नियुक्ति के जरिये आउटसोर्सिंग की जानी है। तद् हेतु पंजीकृत सेवा प्रदाताओं से आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया में दिनांक: 20.08.2018 तक स्वीकार किये जायेगें। उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवश्यक योग्यता, नियम व शर्तें जनपद न्यायालय, देवरिया की बेबसाइट www.ecourts.gov.in/deoria से डाउनलोड किया जा सकता है।

दिनांकः– 06.08.2018

06.8.2018

(राधे श्याम यादव),
जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया।

जनपद न्यायाधीश
देवरिया

नियम व शर्तेः–

1– उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक सं0 956/एसएलएसए/37ए–2010, दिनांक अप्रैल-19.2018 के अनुपालन में सेवा प्रदाता द्वारा उपलब्ध कराये गये चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण (चपरासी 02 पद,चौकीदार 01 पद व सफाईकर्मी 01 पद) कुल 04 पदों नियत मासिक मानदेय क्रमशः 7000/–, 5000/–, व 2000/– रूपये पर अस्थाई रूप से दिनांक 28.02.2019 तक के लिये नियुक्ति की जायेगी। नियुक्त कर्मचारीगण का मानदेय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया द्वारा सेवा प्रदाता के बैंक खाते में ई–पेमेंट/चेक के माध्यम से भुगतान किया जायेगा और सम्बन्धित कर्मचारीगण उक्त सेवा प्रदाता से अपने मानदेय का भुगतान प्राप्त करेंगे, सम्बन्धित कर्मचारीगण एवं प्राधिकरण के मध्य इस सम्बन्ध में कोई संव्यवहार अथवा पत्राचार नही हो सकेगा।

उपरोक्त अस्थाई पदों पर नियुक्ति हेतु निम्नलिखित निम्नतम योग्यता होगीः–

क्र0 सं0	पद का नाम	योग्यता
01	चपरासी	कक्षा आठवीं (चार पहिया वाहन चालक को वरीयता)
02	चौकीदार	कक्षा पाँच
03	सफाईकर्मी	शिक्षित

उपरोक्त के अतिरिक्त अच्छे आचरण एवं चाल–चलन वाला, आज्ञाकारी व विनम्र स्वभाव होना अनिवार्य है।

2– सेवा प्रदाता द्वारा उपलब्ध कराये गये कर्मचारी का कोई भी अपराधिक इतिहास व कोई भी अनैतिक आचरण का कोई आरोप नही होना चाहिये।

3– सेवा प्रदाता द्वारा उपलब्ध कराया गया कर्मचारी जनपद देवरिया का मूल निवासी होना चाहिये।

4– आवेदन निःशुल्क है।

5– आवेदन – पत्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय, देवरिया में दिनांक 20.08.2018 को सांय 4:00 बजे तक जमा किये जा संकेगें।

6– सेवा प्रदाता स्वयं के व्यय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय, देवरिया से 100/– रू0 के स्टॉम्प पेपर पर उपरोक्त आशय का एक इकरारनामा निस्पादित करेगा, जिसमें नियुक्त व्यक्ति का आज्ञाकारी, विनम्र व विहित योग्यताधारक होने की जिम्मेदारी भी सेवा प्रदाता को लेनी होगी।

7– नियुक्त कर्मचारी की सेवा संतोषजनक न पाये जाने पर किसी भी समय व स्तर पर उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

RSY 06.08.2018

दिनांकः–06.08.2018

(राधे श्याम यादव),
जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया।

जनपद न्यायाधीश
देवरिया